पत्र संख्या–कमि0वा0क0(आई0टी0अनु0)/मानव सम्पदा/2018–19/ 627 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश
(आई0टी0अनुभाग)
लखनऊ :: दिनांक :: 08 अगस्त, 2018

समस्त आहरण वितरण अधिकारी,
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

प्रदेश के अधिकारियों/कर्मचारियों के सेवा सम्बन्धी अभिलेख मानव सम्पदा पोर्टल में फीड कराये जाने हेतु शासन से पूर्व में निर्देश जारी किए जा चुके हैं। इस क्रम में आप सभी का प्रशिक्षण दिनांक 23, 24 व 25.04.2018 को मुख्यालय पर आयोजित किया गया था। इसके उपरान्त आप सभी के कार्यालयों के लॉगिन आई0डी0 बनाकर आपको एस0एम0एस0 के माध्यम से सूचित किए जा चुके हैं। मुख्यालय द्वारा निरन्तर मानव सम्पदा पोर्टल पर आपके निर्देशन में सम्पादित कराये जा रहे कार्य को मॉनिटर किया जा रहा है। इसी प्रकार शासन द्वारा विभाग के कार्य की प्रगति मॉनिटर की जा रही है व इसी क्रम में कार्यालय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के संख्या–CM-20/78-1-2018 पत्र संख्या–111 आई0टी0/2017 दिनांक 26.06.2018 द्वारा कार्य को अत्यन्त त्वरित गति से किए जाने के निर्देश दिए गए है।

मानव सम्पदा से सम्बन्धित समस्त कार्य त्वरित एवं समयबद्ध रूप से किए जाने हेतु निम्न बिन्दुओं के अनुसार कार्य किया जाए:–

1- आपके द्वारा जितने अधिकारियों/कर्मचारियों का वेतन आहरित किया जाता है, उनकी संख्या के अनुपात में 'establishment data entry' का रोल देते हुए इतनी संख्या में यूजर बनायें कि एक यूजर के पास फीड करने हेतु 20–25 फार्म से अधिक न हों।
2- बिन्दु संख्या एक की भांति 'establishment verifying' का रोल देते हुए स्वयं के अतिरिक्त इतनी संख्या में यूजर बनायें कि एक यूजर के पास verify करने हेतु 20–25 फार्म से अधिक न हों।
3- 'establishment data entry' यूजरस् को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं कि फार्म फीड करने के उपरान्त उन्हें किस 'establishment verifying' अधिकारी के लॉगिन पर सबमिट किया जाए व साथ ही इसकी सूचना सत्यापन अधिकारी को भी करायी जाए।
4- Data entry के उपरान्त सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी मानव सम्पदा पोर्टल से "view service book" विकल्प से भरे हुए फार्म के प्रिंट आउट पर स्वयं के हस्ताक्षर करेंगे। यह फार्म सत्यापन अधिकारी के द्वारा सत्यापन के दौरान अवलोकित किया जाएगा व तत्पश्चात सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी की व्यक्तिगत पत्रावली में रक्षित कराया जाएगा।
5- निदेशक, आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा, उत्तर प्रदेश,510/217, नया हैदराबाद, लखनऊ के पत्र संख्या–1264 दिनांक 29.06.2018 (संलग्न) द्वारा लेखा, लेखा परीक्षा एवं सहायक लेखा अधिकारी के कार्मिकों का विवरण मानव सम्पदा पोर्टल पर किए जाने हेतु निर्धारित फार्म पर कार्मिकों की पूर्ण सूचना एवं सम्बन्धित कार्मिक की सेवा पुस्तिका निदेशालय को उपलब्ध करायी जानी है।
6- समस्त कार्य दिनांक 17.08.2018 तक पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। किसी प्रकार की पृच्छा/समस्या निराकरण के लिए श्री नरेश बहादुर, प्रधान सहायक (आई0टी0 अनुभाग), वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ से 9305376396 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

(कामिनी चौहान रतन)
कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र सं0 व दिनांक उक्त :–

प्रतिलिपि :–

1. विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, संस्थागत वित्त, कर एवं निबन्धन अनुभाग–3 को सूचनार्थ प्रेषित।
2. समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि प्रश्नगत कार्य निर्धारित समय–सीमा के अन्तर्गत पूर्ण कराने का कष्ट करें।

(सैय्यद अमीर अहमद जैदी)
ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0), वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।